# University in News on 25 March 2020

## AMAR UJALA

# कुलपति ने एमबीए छात्रों के लिए अपलोड किया ई-कंटेंट

माई सिटी रिपोर्टर

### शिक्षकों के सामने पेश की नजीर, कई शिक्षकों ने भी दिखाया उत्साह

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शिक्षकों के सामने नजीर पेश करते हुए मंगलवार को अपने विषय से संबंधित ई-कंटेंट विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। इस कंटेंट की सहायता से विवि के एमबीए छात्र मार्केटिंग मैनेजमेंट की पढ़ाई कर सकते हैं। विवि के कई शिक्षकों ने भी अपने-अपने ई-कंटेंट वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। कोरोना वायरस संक्रमण की आशंका में विवि की कक्षाएं इस समय स्थगित हैं। इसलिए विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए ई-कंटेंट उपलब्ध कराया जा रहा है।



लविवि के कुलपति विवि में खुद भी व्यापार प्रशासन विभाग में मार्केटिंग की क्लास लेते है। इसीलिए उन्होंने अपना भी ई-कंटेंट वेबसाइट पर अपलोड किया है। इसके साथ ही कला, वाणिज्य, विज्ञान, शिक्षा और इंजीनियरिंग संकाय के शिक्षकों ने भी अपने-अपने ई-कंटेंट विवि की वेबसाइट पर अपलोड किए हैं। इन शिक्षकों में भाषा विज्ञान के डॉ. एस श्रीकुमार, व्यापार प्रशासन विभाग की डॉ. रितु नारंग, शिक्षा संकाय की प्रो. अमिता वाजपेयी, रसायन विज्ञान के प्रो. नवीन खरे, प्रो. अनिल मिश्र, भूगर्भ विज्ञान के प्रो. रामेश्वर बली, भौतिक विज्ञान के प्रो. राजेश शुक्ल, प्रो. आंचल श्रीवास्तव और प्रो. ओमकार प्रसाद शामिल हैं। इसके अलावा कई अन्य शिक्षक भी अपना ई-कंटेंट तैयार कर रहे हैं।

# सेमेस्टर के साथ हो सकती है वार्षिक परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

### लविवि समय की भरपाई के लिए परिसर खुलने के बाद लेगा अंतिम फैसला

लखनऊ। लविवि स्थगित की गई वार्षिक परीक्षा अब सेमेस्टर एग्जाम के साथ करा सकता है। विवि की वार्षिक परीक्षा 16 मार्च से शुरू हुई थी। एक दिन की परीक्षा के बाद कोरोना संक्रमण की आशंका में लविवि ने परीक्षा अनिश्चित समय के लिए टाल दी है। अब यह परीक्षा मई में सेमेस्टर परीक्षा के साथ कराने की तैयारी है। इस पर अंतिम फैसला विवि खुलने पर किया जाएगा।

लविवि में स्नातक स्तर पर दो साल पहले सेमेस्टर प्रणाली लागू की गई थी। इसलिए इस साल विवि में वार्षिक प्रणाली में स्नातक स्तर के सिर्फ तृतीय वर्ष के विद्यार्थी ही हैं। विवि इनकी परीक्षा 16 मार्च से करा रहा था। अब इनकी परीक्षा टालनी पड़ी है। विवि की सेमेस्टर प्रणाली की परीक्षा मई में प्रस्तावित है। अप्रैल में वार्षिक परीक्षा कराने पर सेमेस्टर परीक्षा की शुरुआत तक इनका समापन नहीं हो पाएगा। इस तरह से सेमेस्टर प्रणाली वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुकसान होगा। इसके बजाय विवि प्रशासन बीच का रास्ता निकालते हुए दोनों का आयोजन एक साथ कराएगा।

### कुल संख्या में पड़ेगा मामूली अंतर

लविवि इससे पहले सभी परीक्षा एक साथ कराता था। एक हिसाब से देखा जाए तो उतने ही विद्यार्थी अब दो भाग में बंट गए हैं। अब उनकी परीक्षा एक साथ करा ली जाएगी। अंतर केवल यह होगा कि परीक्षा केंद्र की संख्या थोड़ी बढ़ जाएगी। वार्षिक परीक्षा के लिए 40 केंद्र बनाए गए थे। वहीं सेमेस्टर एग्जाम के लिए करीब 55 सेंटर बनाये जाते हैं। दोनों का आयोजन एक साथ होने पर यह संख्या अधिकतम 60 होगी। एक साथ आयोजन होने पर समय और धन दोनों की बचत होगी।

## iNext

# एलयू में सेमेस्टर के साथ होंगे सभी एग्जाम

### एलयू यूजी थर्ड ईयर के एनुअल एग्जाम भी सेमेस्टर एग्जाम के साथ कराने की तैयारी में

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(24 March): लखनऊ यूनिवर्सिटी में कोरोना वायरस के कारण कैंसिल यूजी थर्ड ईयर के एग्जाम सेमेस्टर एग्जाम के साथ होंगे. यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि इस एग्जाम को दोबारा कराने में काफी समय लगेगा. ऐसे में सारे एग्जाम एक साथ कराने पर विचार किया जा रहा है. सेमेस्टर एग्जाम के लिए करीब 55 से अधिक कॉलेज सेंटर बनाए जाएंगे जबकि यूजी थर्ड ईयर के एनुअल एग्जाम के लिए 40 सेंटर बनाए गए हैं. इसकी वजह से भी दोनों एग्जाम को अलग-अलग कराने में काफी परेशानियां होंगी.

### प्रभावित होगी सेमेस्टर की पढ़ाई

एलयू के अधिकारियों का कहना है कि अगर यूजी थर्ड ईयर के एनुअल एग्जाम को किसी भी तरह से अप्रैल लास्ट से शुरू कर भी देते हैं तो इन्हे समाप्त होने में मई का

CONCEPT PIC



तीसरा सप्ताह निकल जाएगा. ऐसे में मई के लास्ट या जून के पहले सप्ताह से प्रस्तावित यूजी व पीजी के इवेन सेमेस्टर के एग्जाम शुरू कराने में परेशानियां होगी. साथ ही जिन सेंटर्स को यूजी के एनुअल एग्जाम के लिए सेंटर बनाए जाएंगे वहां पर सेमेस्टर की पढ़ाई भी प्रभावित होगी जबकि पहले से ही कोरोना वायरस के चलते सेमेस्टर की पढ़ाई प्रभावित है. इसे ही ध्यान में रखते हुए एग्जाम एक साथ कराने पर विचार किया जा रहा है.

### स्टूडेंट्स का किया जाएगा आंकलन

परीक्षा नियंत्रक एके मिश्रा ने बताया कि हमारी पहली चुनौती कोरोना वायरस के खत्म होने के बाद शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाना है. इसके बाद यूपी, पीजी सेमेस्टर एग्जाम और यूजी थर्ड ईयर के एनुअल एग्जाम में शामिल होने वाले स्टूडेंट्स का आंकलन किया जाएगा. अगर सब कुछ ठीक रहा तो सेमेस्टर एग्जाम के साथ ही यूजी के एनुअल एग्जाम कराए जाएंगे. अप्रैल में यूनिवर्सिटी खुलने के बाद वीसी के साथ मीटिंग कर सभी प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी. अगर यूजी फाइनल ईयर के एनुअल एग्जाम समय से पूरे नहीं होते हैं तो इसका खामियाजा स्टूडेंट्स को उठाना पड़ेगा. दरअसल, इन स्टूडेंट्स को पीजी के लिए आवेदन भी करना है.

### शुरू हो चुकी आवेदन प्रक्रिया

एलयू नए सेशन 2020-21 में यूजी और पीजी कोर्सेस में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर चुका है. वही देश की दूसरी बड़ी यूनिवर्सिटी जैसे दिल्ली यूनिवर्सिटी, इलाहाबाद सेंट्रल यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ यूनिवर्सिटी, जामिया यूनिवर्सिटी सहित सभी बड़े यूनिवर्सिटी में एडमिशन की प्रक्रिया या तो शुरू है या फिर अगले महीने में शुरू हो जाएगी.